BECC-133

कला स्नातक कार्यक्रम
(BAG/BAM)

सत्रीय कार्य 2026-27

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–133
पाठ्यक्रम शीर्षक : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-I

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

बीईसीसी-133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–I

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः (i) सत्रीय कार्य द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। अतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30% अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70% अंक।

इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.-133ः समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-I** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलत है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा करा देने चाहिए।

i) जून 2027 में सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2027 है।

ii) दिसंबर 2027 में सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2027 है।

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें।

अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।
   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :
   (क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;
   (ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और
   (ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफ-साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

बीईसीसी-133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–I
शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठयक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.-133
सत्रीय कार्य कोड : एएसटी/टीएमए/2026-27
कुल अंक : 100

सत्रीय कार्य–1

निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। **2×20=40**

1. . (क) चार सेक्टर मॉडल में वृत्तीय प्रवाह को आरेख की सहायता से समझाइए।
   (ख) उत्पादन संभावना वक्र को आरेख की सहायता से समझाइए।

2. श्रम मांग तथा श्रम आपूर्ति वक्र व्युत्पन्न कीजिए। शास्त्रीय दृष्टिकोण के अनुसार अल्पकाल में उत्पादन के साथ श्रम के संबंध की व्याख्या कीजिए।

सत्रीय कार्य–2

मध्यम श्रेणी के निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। **3×10=30**

3. पारंपरिक (classical) सिद्धांत की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। यह केंजीय सिद्धांत से किस प्रकार भिन्न है?

4. क) मुद्रा की माँग के केंजीय सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।
   ख) तरलता वरीयता वक्र का व्युत्पन्न करें।

5. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिएः
   क) आर्थिक संवृद्धि और आर्थिक विकास
   ख) मुद्रा चक्रीय प्रवाह और वास्तविक चक्रीय प्रवाह

सत्रीय कार्य–3

निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। **5×6=30**

6. भारत में मुद्रा आपूर्ति के उपाय क्या हैं?

7. संतुलित बजट गुणक कैसे कार्य करता है।

8. समझाइए कि मुद्रा बाजार में संतुलन कैसे प्राप्त किया जाता है। मौद्रिक आय में वृद्धि मुद्रा बाजार संतुलन को कैसे प्रभावित करती है।

9. निवेश गुणक क्या है? यदि $\text{mpc} = 0.6$ हो तो निवेश गुणक का मान ज्ञात कीजिए।

10. समझाइए कि शास्त्रीय दृष्टिकोण में समग्र पुर्ति वक्र ऊर्ध्वाधर क्यों होता है।